# मप्र सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल




## दिल्ली में मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है और राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ है. युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है. प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं उपलब्ध हैं.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा हमारा लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनें. युवा, कृषि-टेक्नोलॉजी एवं चिकित्सा जैसे सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ें, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित विश्व स्तर पर हो रहे सभी नवाचारों में दक्ष हो और देश और प्रदेश को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें, यही हमारा लक्ष्य है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकरलाल सभागार में मध्यप्रदेश के अध्ययनरत छात्रों के संगठन मध्यांयल स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होती दिखाई दे रही है. प्रत्येक वैश्विक मंच पर भारत ने अपनी साख स्थापित की है और प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हैं. भारत आज विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो विश्व का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री मोदी प्रभावी रूप से इस युवा लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं. मध्यप्रदेश के कोने-कोने से आए युवा संगठित होकर दिल्ली में अध्ययन कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं से हुई भेंट ने उनकी दिल्ली यात्रा को सार्थक बना दिया है.

### मप्र की बिजली से चल रही दिल्ली की मेट्रो

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश बिजली सरप्लस स्टेट है और रिन्यूएबल एनर्जी में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, जिसकी दर मात्र 2 रुपये 10 पैसे है, जो कि देश में सबसे कम है. उन्होंने कहा कि दिल्ली कह मेट्रो मध्यप्रदेश की बिजली से चल रही है. राज्य में माइनिंग सेक्टर में तेजी से कार्य हो रहा है और जैव विविधता के मामले में भी प्रदेश अग्रणी है. मध्यांचल उत्सव को संबोधित करते हुए भाजयुमो के अध्यक्ष श्याम टेलर ने संबोधित किया.



# इजराइल के साथ तकनीक और नवाचार सहयोग करेगा मध्यप्रदेश

- दावोस में मप्र सरकार और इजरायल इनोवेशन अथॉरिटी के बीच हुई चर्चा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 जनवरी. वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम-2026 के दौरान दावोस स्थित मध्यप्रदेश स्टेट लाउंज में मध्यप्रदेश शासन और इजराइल इनोवेशन अथॉरिटी के बीच तकनीक एवं नवाचार सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई. इस बैठक में इजराइल इनोवेशन अथॉरिटी के चेयरमैन डॉ. एलन स्टोपेल के साथ औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने विस्तार से विचार-विमर्श किया.**

बैठक का मुख्य उद्देश्य तकनीक-आधारित आर्थिक विकास को गति देने तथा नवाचार के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं को तलाशना रहा.

चर्चा के दौरान डॉ. स्टोपेल ने इज़राइल के नवाचार-आधारित विकास मॉडल की जानकारी साझा की, विशेष रूप से क्वांटम तकनीक, शिक्षा प्रौद्योगिकी (एडटेक), रक्षा प्रौद्योगिकी और जल समाधान जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में इजराइल की क्षमताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इज़राइल का सशक्त अनुसंधान एवं विकास आरएंडडी पारिस्थितिकी तंत्र निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी और सह-निवेश मॉडल पर आधारित है, जो सार्वजनिक सहयोग को व्यावसायिक व्यवहार्यता से जोड़ता है.

### परियोजनाओं और नवाचारों से कराया अवगत

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने मध्यप्रदेश में नागरिक प्रौद्योगिकी सिविल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सरकार-से-सरकार जीटूजी सहयोग, पायलट परियोजनाओं और स्टार्टअप आधारित नवाचार को प्रोत्साहित करने की राज्य की मंशा से अवगत कराया. उन्होंने भारत-इजराइल के बीच मौजूदा सहयोग ढांचों के तहत संयुक्त पायलट प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेशन और सह-निवेश तंत्र के माध्यम से निवेश एवं औद्योगिक साझेदारियों को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की. बैठक में यह भी सहमति बनी कि मध्यप्रदेश और इजराइल के बीच प्रौद्योगिकी पायलट, नवाचार साझेदारी और संस्थागत संपर्कों को मजबूत करने के लिए एक औपचारिक सहयोग ढांचे की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा.

# धर्म -आस्था और संस्कृति स्थल पर देशभक्ति का छाएगा उल्लास

- 26 जनवरी को शिप्रा तट पर ध्वजारोहण
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव फहराएंगे तिरंगा
- कलेक्टर एसपी ने लिया तैयारी का जायजा

**नवभारत न्यूज़**

**उज्जैन.** मोक्षदायिनी मां शिप्रा के पावन तट पर इस वर्ष गणतंत्र दिवस का आयोजन ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप में होने जा रहा है. 26 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्तिक मेला मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे. धर्म, दर्शन और अध्यात्म की भूमि उज्जैन में राष्ट्र के इस महापर्व का आयोजन जन-जन में विशेष उत्साह का संचार करेगा.

शिप्रा तट का कार्तिक मेला मैदान परंपराओं से जुड़ा हुआ स्थल है. यहां प्रतिवर्ष कार्तिक मेला चकरी-झूले, गीत संगीत की निशाएं, कवि सम्मेलन, तथा दशहरे पर भव्य रावण दहन जैसे आयोजन होते रहे है ,अब यहां पर राष्ट्रीय पर्व का आयोजन होगा.प्रधानमंत्री के बाद मुख्यमंत्री का आयोजन-इसी ऐतिहासिक मैदान पर 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल सभा भी आयोजित हो चुकी है. अब इसी स्थल पर गणतंत्र दिवस मनाया जाना उज्जैन के लिए गौरव का विषय है. प्रधानमंत्री महाकाल लोक का लोकार्पण करने आए थे तब उनकी सभा इस स्थल पर हुई थी.



### कलेक्टर एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर रोशन सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सोमवार शाम कार्तिक मेला मैदान का निरीक्षण किया. कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, मंच व बैठक का प्रोपर लेआउट सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन, दीवारों व रेलिंग की रंगाई-पुताई आवश्यक सौंदर्यीकरण, विद्यालयों के चयन एवं विशेष भोज व्यवस्था के निर्देश दिए.

### ट्रैफिक प्लॉन बनेगा

वहीं एसपी शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुचारु आवागमन व्यवस्था और ट्रैफिक प्लान तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, प्रभारी नगर निगम आयुक्त संतोष टैगोर, एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर, एएसपी आलोक शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत दत्त शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.


### धार्मिक प्राकृतिक सौंदर्य के बीच तिरंगा

मां शिप्रा के तट पर परंपरा अनुसार महाकुंभ (सिंहस्थ) का आयोजन होता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आते हैं. बहती शिप्रा नदी, खुला और सुलभ मैदान तथा प्राकृतिक सौंदर्य के बीच जब तिरंगा फहरेगा, तब धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा.

# पदोन्नति के पदों पर जारी विज्ञापन को चुनौती

**जबलपुर,19 जनवरी. मध्य प्रदेश कर्मचारी मंडल द्वारा पदोन्नति के लिए निर्धारित पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी. हाईकोर्ट की एकलपीठ, जस्टिस विशाल धगट ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिका पर अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है.**

डॉ. श्वेता ठाकुर, डॉ. गायत्री वर्मा एवं अन्य की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश कर्मचारी मंडल द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज



में एसोसिएट प्रोफेसर के 40 पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है. उक्त 40 पद वर्ष 2024 में स्वीकृत किए गए थे और इन्हें पदोन्नति से ही भरा जाना था. एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर असिस्टेंट प्रोफेसर से पदोन्नति की जा सकती है. वर्तमान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में लगभग 12 महिलाएं असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं, जिनके पास आवश्यक योग्यता और अहर्ता है.

याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से याचिका पर आपत्ति करते हुए एकलपीठ को बताया गया कि पदोन्नति से पद नहीं भरने की स्थिति में सीधी भर्ती की जा सकती है. याचिकाकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया कि उन्हें पदोन्नति न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है. वे योग्यता के आधार पर पदोन्नति पाने की हकदार हैं और उनसे कार्य लिया जा रहा है. याचिका की सुनवाई के बाद एकलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे, अधिवक्ता अजीत शुक्ल और अधिवक्ता सोनाली पांडे ने पक्ष रखा.

# देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस का छापा, संचालक गिरफ्तार

**खरगोन, 19 जनवरी. खरगोन जिले में अनैतिक देह व्यापार के एक ठिकाने पर कार्रवाई कर पुलिस ने महिला संचालक और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है. बड़वाह थाना प्रभारी बीआर राठौर ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कल डालुका मार्केट स्थित एक किराये के कमरे में दबिश दी गयी.**

मौके से सनावद निवासी एक महिला, जो देह व्यापार अड्डे की संचालक बताई जा रही है, पश्चिम बंगाल से आई दो महिलाएं तथा बेड़िया निवासी एक पुरुष आपत्तिजनक अवस्था में पाए गए. पूछताछ में सामने आया कि लंबे समय से उक्त स्थान पर बाहर से महिलाओं को बुलाकर अनैतिक देह व्यापार संचालित किया जा रहा था.

पुलिस ने मौके से देह व्यापार से अर्जित नकद राशि, मोबाइल फोन तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है. थाना बड़वाह में अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 की धारा 3, 4, 5 एवं 7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर महिला संचालक और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है.

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिला पूर्व में भी सनावद थाना क्षेत्र में अनैतिक देह व्यापार के एक मामले में गिरफ्तार हो चुकी है.

# महिला सुरक्षा को लेकर पटवारी का हमला

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,19 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को भाजपा सरकार पर शासन व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा और रोजगार के मोर्चे पर गंभीर विफलताओं का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला.**

मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की उपस्थिति में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि माघ मेले में शंकराचार्य को स्नान से रोके जाने और उनके अनुयायियों पर लाठीचार्ज की घटना ने सनातन धर्म को लेकर भाजपा के 'दोहरे मापदंड' उजागर कर दिए हैं.

उन्होंने राहुल गांधी के हालिया



इंदौर दौरे का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में हवा, पानी ही नहीं, बल्कि दवाइयाँ तक प्रदूषित हो चुकी हैं. पटवारी ने आरोप लगाया कि छिंदवाड़ा कफ सिरप कांड में बच्चों की मौत और इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद हटाए गए अधिकारियों को बाद में अहम पदों पर नियुक्त किया गया.

पटवारी ने युवाओं द्वारा एमपीपीएससी भर्ती की मांग को दबाने, निवेश के दावों के बावजूद बढ़ते कर्ज, महिला सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति, गौ हत्या की घटनाओं और बढ़ते नशे के कारोबार को लेकर भी सरकार को घेरा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस रोजगार, पारदर्शिता और जनसुरक्षा के मुद्दों पर प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज करेगी.

# लाखों के फर्जी निवेश मामले में शासकीय शिक्षक गिरफ्तार

**खरगोन, 19 जनवरी. खरगोन जिले में शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर की गई बड़ी ठगी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शासकीय शिक्षक को गिरफ्तार किया है.**

मामले में करीब 86 लाख रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है, जबकि पूछताछ में करोड़ों रुपये के लेनदेन के संकेत मिले हैं. खरगोन कोतवाली प्रभारी बीएल मंडलोई ने बताया कि क्षेत्र के नौ नागरिकों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि संजय सोलंकी, निवासी ग्राम कुम्हारखेड़ा, थाना गोगांवा, ने शेयर मार्केट में 15 से 20 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का लालच देकर उनसे निवेश कराया. आरोप है कि संजय सोलंकी ने अपने साथी गुलाम मोईनउद्दीन माविया के बैंक खातों में वर्ष 2023 से दिसंबर 2024 के बीच 86 लाख रुपये जमा कराए.

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि शुरुआत में कुछ निवेशकों को आंशिक मुनाफा देकर भरोसा जीता गया, लेकिन बाद में न तो मुनाफा मिला और न ही मूलधन वापस किया गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की.

# मप्र में मौसम शुष्क, तापमान में उतार-चढ़ाव

- कोहरे और बादलों से सर्दी में नरमी

**भोपाल,19 जनवरी. प्रदेश भर में पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यप्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. इस अवधि में अधिकतम तापमान में इंदौर और उज्जैन संभागों के जिलों में 2.1 से 3.9 डिग्री सेल्सियस तक उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जबकि शहडोल संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान में 2.1 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हुई. शेष संभागों में तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया.**

अधिकतम तापमान भोपाल, ग्वालियर, चंबल, रीवा और जबलपुर संभागों में सामान्य से 2.0 से 3.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा. वहीं नर्मदापुरम, शहडोल और सागर संभागों में यह सामान्य से 3.4 से 4.3 डिग्री सेल्सियस तक काफी अधिक दर्ज किया गया. न्यूनतम तापमान की बात करें तो उज्जैन संभाग में इसमें 2.2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आई, जबकि रीवा संभाग में 4.0 डिग्री और शहडोल संभाग में 4.4 डिग्री सेल्सियस तक उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई. ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.2 से 4.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा.



भोपाल सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बादलों की मौजूदगी के कारण सर्दी के असर में कुछ नरमी देखी जा रही है. प्रदेश के ऊपर से गुजर रहे दो चक्रवातीय परिसंचरणों के कारण खासकर पूर्वी जिलों में बादल छाए हुए हैं. मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक ठंड से कुछ राहत मिल सकती है.



# जनजाति युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम राज्यों की संस्कृति जानने का सशक्त माध्यम

**भोपाल, 19 जनवरी.** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि जनजाति युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम राज्यों की संस्कृति से एक-दूसरे को परिचित कराने का सशक्त माध्यम बन रहा है. इसके माध्यम से युवा एक-दूसरे की ऐतिहासिक धरोहर, संस्कार, जनजाति एवं विरासत को समझ सकेंगे.

सोमवार को भोपाल में गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित और माय भारत भोपाल के तत्वावधान में आयोजित 17वें कार्यक्रम के समापन समारोह को मंत्री सारंग ने संबोधित किया. मंत्री ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए युवाओं को देश की मुख्य धारा से जुड़कर कार्य करने और रचनात्मक सोच से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी ने भी युवाओं से नेतृत्व क्षमता विकसित कर अपने करियर को संवारने की अपील की. समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, इसके बाद प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र तथा विजेताओं को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. समाजसेवी पीयूष दुबे भी इस अवसर पर उपस्थित थे.

**भिखारी करोड़ों का मालिक** | सड़क पर लगाता था भीख की पुकार, बाहर चलाता था फाइनेंस और प्रॉपर्टी कारोबार

# दया की आड़ में करोड़ों का खेला..!

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर,19 जनवरी. इंदौर को भिक्षुक मुक्त बनाने के अभियान के दौरान सराफा क्षेत्र में रोज नजर आने वाला तथा रेंगकर भिक्षा मांगने वाला एक ऐसा भिक्षुक सामने आया है, जिसने सिस्टम और आम जनता दोनों को चौंकने पर मजबूर कर दिया है. सड़क पर सहानुभूति बटोरने वाला यह व्यक्ति बाहर से दया की पुकार लगाता रहा, जबकि असल में वह फाइनेंस और प्रापर्टी कारोबार का बड़ा खिलाड़ी और करोड़ों का मालिक निकला.**

महिला एवं बाल विकास विभाग के भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के दौरान हुए इस खुलासे ने करुणा के नाम पर चल रहे करोड़ों के खेल को उजागर कर दिया है.

रेस्क्यू के दौरान पकड़े गए भिक्षुक की पहचान मांगीलाल के रूप में हुई है. पूछताछ में सामने आया कि वह खुद को भीख से रोजाना 500 से 1000 रुपए कमाने वाला बताता था, जबकि वास्तविकता में उसकी आमदनी इससे कई गुना अधिक थी. इस व्यक्ति के पास न केवल शहर के विभिन्न इलाकों में तीन मकान हैं, बल्कि उसके पास एक



लग्जरी कार और तीन ऑटो रिक्शा भी हैं. यही नहीं, जांच में सामने आया कि वह एक बड़ा फाइनेंसर भी है, जो मकानों और ऑटो से मिलने वाला किराया और भीख की राशि सराफा के कारोबारियों को मोटे ब्याज पर चलाता था.

वह हर हफ्ते इन दुकानदारों के पास जाकर अपना ब्याज वसूलता था. महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मांगीलाल ने अपनी पहचान को पूरी तरह 'ब्रांड' कर रखा था. लकड़ी की फिसलन वाली गाड़ी, पीठ पर टंगा थैला और हाथ में जूता यही उसकी पहचान थी. अपनी शारीरिक स्थिति का प्रदर्शन कर लोगों की सहानुभूति बटोरता था, जिससे राह चलते लोग बिना किसी संदेह के उसे भीख देते रहे. जांच के बाद प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी.

### करोड़ों की संपत्ति

पूछताछ में यह भी सामने आया कि मांगीलाल के शहर में तीन पक्के मकान दर्ज हैं. भगत सिंह नगर में 16 गुना 45 फीट का तीन मंजिला भवन, शिवनगर में लगभग 600 वर्गफीट का मकान और अलवासा में 10 गुना 20 फीट का एक वन बीएचके मकान उसके नाम है. खास बात यह है कि अलवासा का मकान उसने दिव्यांगता के आधार पर रेड क्रॉस की मदद से हासिल किया था. इतना ही नहीं, मांगीलाल के पास तीन ऑटो हैं, जो किराए पर चल रहे हैं, जबकि एक स्विफ्ट डिजायर कार भी है, जिसके लिए उसने बाकायदा एक ड्राइवर रख रखा है. वह अलवास क्षेत्र में माता-पिता के साथ रहता है.

# भारत गौरव ट्रेन 10 अप्रैल को होगी रवाना

भोपाल,19 जनवरी. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल से गुजरते हुए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 10 अप्रैल 2026 को इंदौर से 'पुरी, गंगासागर के साथ दो ज्योतिर्लिंग (बाबा बैद्यनाथ एवं काशी विश्वनाथ)' यात्रा के लिए रवाना होगी. यह ट्रेन मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर से होकर गुजरेगी, जहां यात्री यात्रा में शामिल हो सकेंगे. 10 रातों/11 दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी और अयोध्या के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा.टूर में विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक यात्रा, ऑन-बोर्ड एवं ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन, गुणवत्तायुक्त बसों में स्थल भ्रमण, आवास, टूर एस्कॉर्ट, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा एवं हाउसकीपिंग सेवाएँ शामिल हैं.


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**EL-2025-26-39** | **ई निविदा सुचना** | **Date:16.01.2026**

मंडल रेलप्रबंधक (बिजली/पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है।

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना राशी रु. |
|---|---|---|---|
| 1. | EL-2025-26-39 Ratlam Division Vikram Nagar Electrical work in connection with provision of One 06 meter wide FOB with ramp with cover and improvement to water arrangement (Simhastha 2028) | ₹79,81,436.24 | ₹1,59,600.00 |

**कार्य समापन अवधि:-** 12 Months, **Similar type of work:-** "Definition of Similar Nature of work: Wiring/Re-wiring in buildings with associated electrical works like control gear and protection arrangements in residential buildings or service buildings. OR Lighting arrangement in buildings, circulating area, yard, street etc. with associated electrical works OR wiring/Rewiring, Lighting arrangement in building with associated electrical works." **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:-** 15.01.2026, **निविदा खुलने की तिथि:-**10.02.2026

• विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्ते वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**7/1/422**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**